**भारत सरकार**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *137**

**09.02.2026 को उत्तर के लिए**

**वायु की गुणवत्ता बनाए रखने और वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कार्यनीति**

***137. श्री मनीश तिवारीः**

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी)' के बावजूद लगातार तीन महीनों तक वायु गुणवत्ता सूचकांक के लगभग 400 या उससे अधिक के गंभीर स्तर पर बने रहने से रोकने में विफलता के क्या कारण हैं और इसके कार्यान्वयन या प्रवर्तन में पहचान की गई विशिष्ट खामियां क्या हैं;

(ख) पीएम 2.5, पीएम 10 और प्रमुख प्रदूषकों की राष्ट्रीय स्तर पर और प्रमुख शहरों में शहर-वार वर्तमान स्थिति क्या है और इनका स्तर राष्ट्रीय मानकों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से कितना अधिक है;

(ग) क्या सरकार ने भारत में लागू करने के लिए बीजिंग द्वारा अपनाए गए उपायों सहित कोयले का उपयोग चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने, कम उत्सर्जन वाले क्षेत्र और सख्त अनुपालन तंत्र जैसे सफल अंतर्राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मॉडलों की जांच की है;

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सुभेद्य समूहों पर असमानुपातिक रूप से अधिक बोझ न पड़े, देश में कौन-कौन से उपाय किए जाने या उपायों के कार्यान्वयन के पैमाने में वृद्धि किए जाने का विचार है; और

(ङ) क्या वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम की समीक्षा की योजना बनाई गई है और यदि हां, तो क्या इसमें स्वतंत्र निगरानी और सार्वजनिक प्रकटीकरण के साथ समयबद्ध, शहर-वार कार्य योजना शामिल किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री**
**(श्री भूपेन्द्र यादव)**

(क) से (ङ) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**'वायु की गुणवत्ता बनाए रखने और वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कार्यनीति' के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को उत्तर के लिए श्री मनीश तिवारी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *137 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) से (ङ): वर्ष 2025-26 के शीतकालीन मौसम (अक्टूबर-जनवरी) के दौरान दिल्ली में गंभीर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई > 401) स्तरों वाले कुल 10 दिन दर्ज किए गए, जबकि वर्ष 2016-17 में ऐसे दिनों की संख्या 31 दिन थी। दिल्ली-एनसीआर के शहरों में लगातार पिछले तीन महीनों के दौरान गंभीर एक्यूआई स्तर वाले दिनों की संख्या का विवरण **अनुलग्नक–I** में दिया गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वायु गुणवत्ता दिशानिर्देश केवल एक मार्गदर्शक दस्तावेज़ के रूप में कार्य करते हैं तथा नीति-निर्माताओं के लिए गैर-बाध्यकारी संदर्भ हैं। ये दिशानिर्देश देशों को वायु गुणवत्ता प्राप्त करने में सहायता हेतु वायु प्रदूषकों के लिए अनुशंसित मान हैं। देशों को सलाह दी जाती है कि वे इन दिशानिर्देशों को लागू करने योग्य मानकों के रूप में अपनाने से पूर्व अपने भौगोलिक, सामाजिक-आर्थिक एवं पर्यावरणीय कारकों पर विचार करें। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा देश में जनस्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय गुणवत्ता की सुरक्षा हेतु 12 प्रमुख वायु प्रदूषकों के संदर्भ में राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (एनएएक्यूएस) अधिसूचित किए गए हैं।

वर्ष 2024 के लिए छह प्रमुख महानगरों–बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और दिल्ली– में पीएम2.5, पीएम10 तथा अन्य प्रमुख प्रदूषकों की वार्षिक औसत सांद्रता का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

भारत सरकार ने वर्ष 2019 में एक दीर्घकालिक, समयबद्ध एवं राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया ताकि 24 राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के में वायु गुणवत्ता मानक को पूरा नहीं करने वाले/ दस लाख से अधिक आबादी वाले 130 शहरों/शहरी समूहों में वायु प्रदूषण की समस्या से निराकरण किया जा सके। एनसीएपी के अंतर्गत सभी 130 शहरों द्वारा अपने-अपने शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार उपायों को लागू करने हेतु शहर-विशिष्ट स्वच्छ वायु कार्य योजनाएँ तैयार की गई हैं। इन योजनाओं में मिट्टी एवं सड़क की धूल, वाहन उत्सर्जन, कचरा जलाना, निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियाँ तथा औद्योगिक प्रदूषण जैसे वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों को लक्षित किया गया है।

शहर कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए समन्वय, निगरानी, प्रगति का मूल्यांकन करने और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समितियों (शीर्ष, संचालन, निगरानी और

कार्यान्वयन), राज्य स्तर पर समितियों (संचालन और निगरानी) और शहर स्तर की निगरानी और कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 को वायु की गुणवत्ता के संरक्षण और वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 को पर्यावरण के संरक्षण और सुधार के लिए अधिनियमित किया गया था।

वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 18 के अंतर्गत केंद्र सरकार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कार्यों के निष्पादन हेतु निर्देश जारी करने का अधिकार प्राप्त है तथा इसके अलावा, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या राज्य सरकार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश जारी करने का अधिकार प्राप्त है।

वायु अधिनियम, 1981 की धारा 22 के अंतर्गत वायु प्रदूषण नियंत्रण क्षेत्र में स्थित औद्योगिक संयंत्रों को निर्धारित मानकों से अधिक किसी भी प्रकार का उत्सर्जन न करने का अधिदेश दिया गया है।

इसके अलावा, वायु अधिनियम, 1981 की धारा 31 क राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को अपने कार्यों के निष्पादन के लिए किसी भी व्यक्ति या प्राधिकरण को निर्देश जारी करने की शक्तियां प्रदान करती है, जिसमें किसी भी उद्योग, प्रचालन या प्रक्रिया को बंद करने, उस पर रोक लगाने या विनियमित करने, बिजली, पानी और किसी अन्य सेवा की आपूर्ति को रोकने या विनियमित करने संबंधी निर्देश देना शामिल हैं।

संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) अथवा प्रदूषण नियंत्रण समितियाँ (पीसीसी), वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अंतर्गत उद्योगों के लिए सहमति तंत्र (स्थापना की सहमति तथा संचालन की सहमति) के माध्यम से वायु प्रदूषण की निगरानी करते हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ विशिष्ट श्रेणी के उद्योगों को उनके द्वारा अपनी अर्द्ध-वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट फाइल करने तथा पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) प्रदान किए जाने की प्रक्रिया के माध्यम से पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के अंतर्गत विनियमित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए, सरकार ने दिल्ली-एनसीआर और निकटवर्ती इलाकों में वायु प्रदूषण की समस्याओं के बेहतर समन्वय, अनुसंधान, पहचान और समाधान के लिए एनसीआर और निकटवर्ती इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की स्थापना की है।

सीएक्यूएम को इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न एजेंसियों को वायु गुणवत्ता को बनाए रखने और उसमें सुधार करने के लिए उपाय करने और निर्देश जारी करने की शक्तियाँ दी गई हैं। अब तक, सीएक्यूएम ने दिल्ली- एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए संबंधित हितधारकों को 95 वैधानिक निर्देश और 17 सलाह जारी की हैं।

सरकार ने दिल्ली-एनसीआर और आस-पास के इलाकों में पराली जलाने से संबंधित मुद्दों सहित वायु प्रदूषण की अन्य समस्याओं से निपटने के लिए की गई कार्रवाइयों की नियमित रूप से समीक्षा और निगरानी की है। हाल की कुछ प्रमुख बैठकों का विवरण नीचे दिया गया है:

i. माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में 08.08.2025, 16.09.2025, 10.10.2025, 11.11.2025, 26.11.2025, 03.12.2025, 15.12.2025, 16.12.2025, 17.12.2025, 19.12.2025, 06.01.2026, 12.01.2026, 20.01.2026 और 02.02.2026 को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित मुद्दों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं, ताकि वायु प्रदूषण कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जा सके और पूरे क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए रणनीतियाँ बनाई जा सकें। मिशन मोड में प्रदूषण नियंत्रण उपायों में तेजी लाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक बुलाई गई।

ii. फसल अवशेष जलाने संबंधी प्रबंधन के मुद्दों पर माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री और माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की सह-अध्यक्षता में 07.10.2025 को मंत्री स्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई।

उपर्युक्त समीक्षा बैठकों में, राज्य सरकारों, शहरी स्थानीय निकायों और कार्यान्वयन एजेंसियों को वायु गुणवत्ता सुधार उपायों को लागू करने के लिए कार्य योजना शीघ्रता से तैयार करने के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण उपायों जैसे एकीकृत अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन योजना बनाना, गड्ढों वाले सड़क खंडों की पहचान और मरम्मत करना, सड़कों का एक छोर से दूसरे छोर तक पक्का निर्माण करना, निर्माण और विध्वंस (सी एण्ड डी) अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा के लिए फीडर केंद्र स्थापित करना, सी एण्ड डी अपशिष्ट से पुनर्चक्रित उत्पादों की खपत बढ़ाने के लिए उपाय करना, बड़े निर्माण स्थलों की निगरानी करना, सड़क की मशीनीकृत सफाई करना, पहचाने गए ट्रैफिक जाम वाले स्थानों को जाम से मुक्ति दिलाना को कम करना, हरित क्षेत्र बढ़ाना, सभी वायु प्रदूषक उद्योगों में समयबद्ध तरीके से ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) और वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण (एपीसीडी) स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

एनसीएपी के अंतर्गत 130 शहरों द्वारा की गई संकेंद्रित कार्रवाइयों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं जिसमें 2017-18 की तुलना में वर्ष 2024-25 में 103 शहरों में पीएम10 सांद्रता में कमी दर्ज की गई है, जिनमें से 64 शहरों में पीएम10 स्तरों में 20% से अधिक कमी हुई है तथा इनमें से 25 शहरों ने 40% से अधिक की कमी हुई है। कुल 22 शहरों ने राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (एनएएक्यूएस) को पूरा कर लिया है तथा इन शहरों में पीएम10 की सांद्रता 60 $\mu g/m^3$ से कम पाई गई है।

समन्वित कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप, दिल्ली के औसत एक्यूआई में सुधार हुआ है, वर्ष 2018 में एक्यूआई 225 थी जो वर्ष 2025 में कम होकर 201 हो गई।

वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों का विवरण **अनुलग्नक-III** में संलग्न है।

*****

**अनुलग्नक-I**

# नवंबर-दिसंबर 2025 और जनवरी, 2026 के दौरान दिल्ली-एनसीआर के शहरों का दैनिक एक्यूआई स्तर

| राज्य | दिल्ली | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहर | दिल्ली | | | बहादुरगढ़ | | | बल्लभगढ़ | | | भिवानी | | | चरखी दादरी | | | धारूहेड़ा | | | फरीदाबाद | | |
| तारीख | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 |
| 1 | 303 | 304 | 380 | 254 | 322 | 187 | 319 | 209 | 225 | 114 | 289 | 156 | 375 | 224 | ना | ना | 299 | 331 | 196 | 221 | 234 |
| 2 | 366 | 372 | 236 | 313 | 306 | 191 | 319 | 209 | 200 | 256 | 245 | 149 | 288 | 305 | ना | 434 | 341 | 245 | 215 | 248 | 210 |
| 3 | 309 | 342 | 267 | 202 | ना | ना | 320 | 209 | 259 | 226 | 258 | 88 | 215 | 303 | ना | 176 | 333 | 256 | 198 | 227 | 222 |
| 4 | 291 | 304 | 307 | 57 | ना | 187 | 141 | 213 | 250 | 287 | 233 | 114 | 252 | 290 | 235 | 227 | 328 | 322 | 194 | 203 | 215 |
| 5 | 202 | 327 | 244 | 48 | 335 | 187 | 191 | 234 | 181 | 248 | 256 | 204 | 177 | 252 | 188 | ना | 326 | 242 | 171 | 217 | 185 |
| 6 | 311 | 330 | 310 | ना | 275 | 187 | 126 | 202 | 258 | 253 | 251 | 300 | 337 | 258 | 291 | 238 | 301 | 251 | 218 | 213 | 220 |
| 7 | 322 | 308 | 289 | 313 | ना | 187 | 122 | 307 | 203 | 235 | 270 | 232 | 286 | 226 | 286 | 165 | 295 | 328 | 204 | 199 | 217 |
| 8 | 361 | 314 | 280 | 325 | 287 | 187 | 129 | 315 | 223 | 253 | 285 | 182 | 302 | 252 | 249 | 152 | 303 | 189 | 264 | 203 | 223 |
| 9 | 370 | 282 | 345 | 436 | 287 | 187 | 130 | 312 | 295 | 252 | 249 | 77 | 338 | 230 | 248 | 262 | 309 | 348 | 214 | 193 | 174 |
| 10 | 362 | 259 | 346 | 373 | 254 | 187 | 128 | 308 | ना | 286 | 241 | 100 | 371 | 169 | 260 | 310 | ना | 291 | 231 | 195 | 197 |
| 11 | 428 | 307 | 291 | 421 | 235 | 187 | 120 | 332 | 225 | 285 | 238 | ना | 355 | 256 | 177 | ना | 275 | 229 | 298 | 253 | 246 |
| 12 | 418 | 349 | 297 | 332 | 298 | 187 | 119 | 359 | 210 | 340 | 205 | ना | 337 | 217 | 250 | 281 | 293 | 272 | 274 | 204 | 261 |
| 13 | 404 | 431 | 360 | 466 | 353 | 187 | ना | 356 | 264 | 345 | 161 | 160 | 349 | 264 | 265 | 299 | 368 | 371 | 288 | 214 | 254 |
| 14 | 387 | 461 | 353 | 388 | 464 | 187 | 209 | 313 | 338 | 351 | 171 | 202 | 329 | 287 | 300 | 299 | 394 | 320 | 258 | 218 | 241 |
| 15 | 386 | 427 | 343 | 300 | 374 | 187 | 216 | 328 | 285 | 325 | 150 | 203 | 295 | 253 | 291 | 302 | 336 | 286 | 263 | 211 | 235 |
| 16 | 377 | 354 | 354 | 439 | 311 | 187 | 219 | 330 | 342 | 317 | 121 | 83 | 282 | 205 | 269 | 261 | 343 | 330 | 257 | 182 | 245 |
| 17 | 351 | 334 | 400 | 348 | 303 | 187 | 203 | 300 | 326 | 129 | 161 | 72 | 259 | 182 | 313 | 161 | 297 | 364 | 247 | 197 | 253 |
| 18 | 374 | 373 | 440 | ना | 302 | 187 | 110 | 303 | 256 | 121 | 131 | 118 | 313 | 171 | 291 | 263 | ना | 361 | 212 | 239 | 247 |
| 19 | 392 | 374 | 410 | ना | 259 | 187 | 91 | 324 | ना | 198 | 163 | 209 | 309 | 174 | 172 | 277 | 332 | 378 | 265 | 251 | 253 |
| 20 | 391 | 398 | 378 | ना | 360 | 187 | ना | 305 | ना | 140 | 165 | 210 | 236 | 189 | 339 | ना | 365 | 373 | 255 | 235 | 262 |
| 21 | 364 | 377 | 330 | 360 | ना | 187 | 198 | 251 | ना | 316 | 176 | ना | 232 | 202 | 253 | 226 | 326 | 351 | 238 | 235 | 234 |
| 22 | 370 | 373 | 322 | 292 | 352 | 187 | 191 | 225 | 287 | 324 | 156 | 249 | 214 | 219 | 233 | 243 | ना | 317 | 233 | 234 | 243 |
| 23 | 391 | 412 | 282 | 392 | 281 | 187 | 205 | 338 | 301 | 328 | 145 | 296 | 396 | 318 | 168 | 235 | ना | 268 | 237 | 239 | 216 |
| 24 | 382 | 271 | 192 | 298 | ना | 187 | ना | 237 | 244 | 316 | 151 | 258 | 366 | 197 | 104 | 302 | 256 | 184 | 232 | 216 | 206 |
| 25 | 353 | 234 | 153 | 276 | 93 | 187 | 272 | 262 | 239 | 295 | 152 | 218 | 320 | 180 | 158 | 320 | 228 | 106 | 220 | 215 | 134 |
| 26 | 327 | 332 | 241 | 222 | 371 | 187 | 264 | 280 | 276 | 300 | 148 | 197 | 279 | 240 | 256 | 296 | 299 | 234 | 210 | 234 | 174 |
| 27 | 377 | 385 | 336 | 222 | ना | 187 | ना | 303 | 262 | 301 | 176 | 230 | 317 | 298 | ना | 350 | 310 | 315 | 203 | 249 | 191 |
| 28 | 369 | 390 | 255 | 299 | ना | 187 | 268 | 334 | 168 | 271 | 156 | ना | 348 | 292 | 313 | 376 | 377 | 324 | 190 | 255 | 136 |
| 29 | 305 | 401 | 226 | 322 | ना | 187 | 266 | 274 | 157 | 238 | 160 | ना | 304 | 310 | 235 | 309 | 341 | 213 | 212 | 253 | 129 |
| 30 | 279 | 388 | 253 | 322 | ना | 187 | 259 | 280 | 278 | 265 | 146 | ना | 229 | ना | 262 | 269 | 286 | 213 | 176 | 243 | 144 |
| 31 | | 373 | 315 | | 224 | 187 | | 255 | 247 | | 158 | | | 262 | 270 | | 367 | 341 | | 221 | 197 |

| राज्य | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **शहर** | **गुरुग्राम** | | | **जींद** | | | **करनाल** | | | **मंडीखेड़ा** | | | **मानेसर** | | | **नारनौल** | | | **पलवल** | | |
| **तारीख** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** |
| 1 | 276 | 275 | 312 | 330 | 224 | 310 | 251 | 194 | 291 | 83 | 129 | 130 | 160 | 323 | 193 | 215 | 188 | 182 | 120 | 100 | 103 |
| 2 | 357 | 277 | 187 | 314 | 221 | 87 | 348 | 258 | 188 | 140 | 160 | 82 | 289 | 331 | 108 | 216 | 187 | 198 | 120 | 143 | 89 |
| 3 | 235 | 282 | 244 | 354 | 219 | 92 | 280 | 258 | 163 | 92 | ना | 85 | 340 | 327 | 122 | 217 | 187 | 213 | 119 | 176 | 83 |
| 4 | 219 | 293 | 333 | 275 | 212 | 85 | 270 | 205 | 192 | 73 | 122 | 116 | 86 | 302 | 222 | 216 | 187 | 296 | 131 | 107 | 89 |
| 5 | 225 | 298 | 240 | 301 | 265 | 100 | 216 | 258 | 114 | ना | 192 | 101 | 269 | ना | 114 | 216 | 188 | 243 | ना | 132 | 84 |
| 6 | 257 | 314 | 303 | 324 | 197 | 168 | 169 | 234 | 173 | 78 | 146 | 110 | 269 | 282 | 187 | 218 | 188 | 314 | 192 | 142 | 83 |
| 7 | 253 | 273 | 294 | 291 | 192 | 178 | 246 | 240 | 188 | 73 | 96 | 101 | 258 | 237 | 211 | 216 | 193 | 266 | 116 | 106 | 85 |
| 8 | 236 | 278 | 290 | 295 | 210 | 106 | 264 | 167 | 163 | 86 | 106 | ना | 291 | 254 | ना | 215 | 216 | 215 | 126 | 106 | 107 |
| 9 | 238 | 260 | 373 | 302 | 270 | 111 | 255 | ना | 182 | 74 | 89 | 207 | 270 | 238 | 295 | 204 | 216 | 303 | 192 | 106 | 122 |
| 10 | 261 | 276 | 349 | 355 | 270 | 180 | 185 | 141 | 198 | 122 | 118 | 256 | 294 | 221 | 232 | 304 | 225 | 322 | 171 | 102 | 136 |
| 11 | 378 | 268 | 280 | 376 | 296 | 127 | 217 | 232 | 153 | 109 | 126 | 102 | 343 | 304 | 160 | 275 | ना | 289 | 250 | 110 | 98 |
| 12 | 350 | 286 | 297 | 418 | 189 | 182 | 165 | 306 | 190 | 131 | 142 | 145 | 254 | 313 | 202 | 238 | 218 | 211 | 204 | 114 | 101 |
| 13 | 300 | 322 | 378 | 333 | 332 | 162 | 164 | 256 | 241 | 109 | 219 | 247 | 246 | 351 | 348 | 203 | 217 | 277 | ना | 189 | ना |
| 14 | 278 | 291 | 279 | 313 | 333 | 249 | 231 | 120 | 226 | 107 | 264 | 157 | 232 | 356 | 251 | 290 | 217 | 318 | 94 | 207 | 119 |
| 15 | 305 | 345 | 318 | ना | 215 | 212 | 229 | 273 | 201 | 147 | 248 | 167 | 254 | 325 | 258 | 209 | 216 | 286 | 90 | 177 | 115 |
| 16 | 301 | 320 | 347 | 273 | 301 | 171 | 170 | 126 | 213 | 215 | ना | 124 | 260 | 278 | 251 | 249 | 217 | 259 | 82 | 154 | 108 |
| 17 | 253 | 279 | 360 | ना | 218 | 195 | 202 | 216 | 224 | 97 | 102 | 150 | 234 | 238 | 319 | 223 | 216 | 279 | 86 | 110 | 119 |
| 18 | 272 | 276 | 378 | ना | 196 | 254 | 243 | 158 | 281 | 231 | 123 | 218 | 328 | 304 | 303 | 259 | 216 | 302 | 116 | 135 | 115 |
| 19 | 300 | 322 | 379 | 260 | 175 | 311 | 162 | 162 | 258 | 187 | 239 | 238 | 183 | 281 | 301 | 252 | 216 | 337 | 120 | ना | 118 |
| 20 | 302 | 362 | 394 | 275 | 259 | 294 | 302 | 227 | 255 | 199 | 196 | 235 | 312 | 328 | 328 | 240 | 217 | 354 | 107 | 76 | 122 |
| 21 | 287 | 328 | 358 | 264 | 322 | 249 | 291 | 302 | 182 | 114 | 152 | 177 | 251 | 199 | 316 | 213 | 216 | 337 | 85 | 62 | 112 |
| 22 | 286 | 331 | 366 | 316 | 289 | ना | 298 | 258 | 184 | 134 | 108 | 146 | 278 | 231 | 307 | 147 | 217 | 343 | 137 | 74 | 110 |
| 23 | 295 | 364 | 227 | 306 | ना | ना | 276 | 235 | 191 | 85 | 241 | 102 | 321 | 343 | 200 | 197 | 237 | 201 | 102 | 76 | 101 |
| 24 | 286 | 236 | 225 | 291 | 151 | ना | 224 | 131 | 55 | 97 | 185 | 89 | 342 | 182 | 179 | 213 | 295 | 111 | 75 | 52 | 96 |
| 25 | 303 | 239 | 198 | 277 | 157 | 110 | 246 | 153 | 79 | 198 | 95 | 76 | 356 | ना | 132 | 191 | 235 | 135 | 68 | 43 | 82 |
| 26 | 272 | 312 | 276 | 283 | 280 | 147 | 225 | 117 | 128 | 110 | 142 | 93 | 331 | 260 | 174 | 132 | 232 | 252 | 67 | 94 | 93 |
| 27 | 317 | 299 | 306 | 243 | ना | 156 | 255 | 178 | 183 | 176 | 171 | 161 | 368 | 290 | 239 | 223 | 255 | 277 | 93 | 96 | 111 |
| 28 | 320 | 353 | 267 | 219 | 292 | 93 | 183 | 262 | 72 | 215 | 177 | 100 | 368 | 334 | 138 | 85 | 314 | 328 | 91 | 112 | 56 |
| 29 | 262 | 318 | 232 | 184 | 199 | 104 | 133 | 188 | 32 | 118 | 139 | 93 | 280 | ना | 141 | 176 | 306 | 208 | 63 | 103 | 48 |
| 30 | 245 | 294 | 268 | 189 | 132 | 151 | 115 | 249 | 32 | 100 | 102 | 101 | 254 | 203 | 152 | 187 | 107 | 197 | 86 | 103 | 42 |
| 31 | | 328 | 300 | | 128 | | | 261 | 71 | | ना | 103 | | 264 | 296 | | 204 | 179 | | 103 | 77 |

| | हरियाणा | | | हरियाणा | | | हरियाणा | | | राजस्थान | | | राजस्थान | | | राजस्थान | | | उत्तर प्रदेश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहर | पानीपत | | | रोहतक | | | सोनीपत | | | अलवर | | | भरतपुर | | | भिवाड़ी | | | बागपत | | |
| तारीख | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 | नवंबर-25 | दिसंबर-25 | जनवरी-26 |
| 1 | 287 | 292 | 347 | 389 | ना | ना | 239 | 329 | 225 | 84 | 86 | 130 | 74 | 138 | 145 | 214 | 314 | 238 | 321 | ना | 349 |
| 2 | 288 | 236 | 205 | ना | ना | 115 | 284 | 310 | 198 | 112 | 103 | 114 | 118 | 161 | 113 | 376 | 340 | 176 | 341 | ना | 172 |
| 3 | ना | 172 | 200 | ना | ना | 104 | 284 | 308 | 194 | 94 | 108 | 114 | 98 | 202 | 112 | 224 | 310 | 196 | 384 | 363 | 124 |
| 4 | ना | 145 | 214 | 329 | ना | ना | ना | 308 | 194 | 92 | 89 | ना | 78 | 130 | 112 | 236 | 295 | 274 | 279 | 307 | 215 |
| 5 | 302 | ना | ना | 244 | ना | 81 | 313 | 288 | 149 | 77 | 93 | 120 | 63 | 167 | 117 | 93 | 290 | 202 | 140 | 311 | 118 |
| 6 | 217 | 181 | 185 | 348 | ना | 136 | 253 | 278 | 148 | 107 | 176 | 127 | 121 | 126 | 126 | 240 | 294 | 242 | 276 | 248 | 150 |
| 7 | 309 | 216 | 197 | ना | 151 | 140 | 251 | 278 | 148 | 82 | 102 | 126 | 150 | 156 | 110 | 199 | 216 | 226 | 287 | 210 | 276 |
| 8 | 282 | 269 | 169 | 374 | 72 | ना | 251 | 280 | 127 | 82 | 103 | 127 | 106 | 161 | 109 | 215 | 227 | 182 | 285 | 226 | 262 |
| 9 | 252 | 235 | 221 | 323 | 71 | 114 | 251 | 287 | 139 | 104 | 103 | 131 | 164 | 113 | 136 | 296 | 208 | 336 | 308 | 219 | 195 |
| 10 | 227 | ना | ना | 324 | 56 | 147 | 345 | 287 | 139 | 114 | 95 | 136 | 189 | 109 | 215 | 350 | 218 | 230 | 381 | 251 | 259 |
| 11 | 222 | 228 | 170 | 342 | 56 | ना | 381 | 287 | 121 | 120 | 96 | 119 | 189 | 126 | 92 | 373 | 237 | 221 | 299 | 290 | 163 |
| 12 | 259 | 301 | 203 | 406 | 285 | ना | 372 | 279 | 139 | 109 | 103 | 116 | 144 | 141 | 90 | 318 | 277 | 227 | ना | 383 | 215 |
| 13 | 249 | 426 | 217 | 430 | 298 | 162 | 347 | 255 | 139 | 97 | 104 | 130 | 196 | 182 | 160 | 336 | 321 | 384 | 297 | | 272 |
| 14 | 207 | 382 | 280 | 307 | ना | ना | 354 | 276 | 144 | 104 | 122 | 138 | 201 | 174 | 170 | 339 | 351 | 288 | 284 | 429 | 315 |
| 15 | 224 | 209 | 270 | 102 | 281 | 136 | 370 | 285 | ना | 97 | 124 | 124 | 158 | 166 | 117 | 338 | 300 | 326 | 356 | ना | 242 |
| 16 | ना | 140 | 243 | 246 | 421 | 179 | 369 | 285 | 136 | ना | 96 | 100 | 127 | 163 | 106 | 315 | 265 | 298 | 335 | 337 | 238 |
| 17 | 132 | ना | 311 | 237 | 385 | ना | 344 | 286 | 133 | 94 | 82 | 137 | 153 | 127 | 167 | 260 | 219 | 354 | ना | 336 | 282 |
| 18 | 146 | 138 | 397 | 309 | ना | ना | 344 | 290 | 136 | 98 | 86 | 143 | 172 | 145 | 98 | 359 | 278 | 348 | 397 | ना | 329 |
| 19 | 100 | 173 | 379 | 353 | ना | ना | 332 | 292 | 136 | 103 | 120 | 142 | 196 | 135 | 161 | 335 | 296 | 344 | 335 | ना | 348 |
| 20 | 276 | 213 | ना | 274 | 279 | 259 | 310 | 299 | 136 | 126 | 113 | 139 | 254 | 138 | 111 | 349 | 332 | 342 | 428 | 329 | 248 |
| 21 | ना | 246 | 198 | 288 | 337 | 194 | 308 | 299 | 136 | 105 | 117 | 133 | 121 | 111 | 150 | 334 | 270 | 305 | 343 | 266 | 236 |
| 22 | 115 | 282 | 208 | 301 | 327 | 218 | 311 | 299 | 136 | 102 | 116 | 133 | 222 | 120 | 205 | 338 | 290 | 314 | 403 | 266 | 227 |
| 23 | 351 | 238 | 204 | ना | ना | 179 | 343 | 282 | ना | 101 | 118 | 134 | 245 | 99 | 84 | 336 | 336 | 242 | 342 | 240 | 235 |
| 24 | 178 | 165 | ना | 147 | 340 | 147 | 311 | 277 | ना | 98 | 101 | 126 | 158 | 105 | ना | 294 | 222 | 184 | 330 | 186 | 100 |
| 25 | 229 | 274 | 106 | 326 | 103 | 94 | 291 | 277 | 136 | 101 | 98 | 117 | 165 | 99 | 89 | 312 | 210 | 176 | 294 | 261 | 99 |
| 26 | ना | 318 | 99 | 325 | ना | 119 | 291 | 294 | 136 | 93 | 105 | 121 | 158 | 114 | 181 | 290 | 270 | 230 | 309 | 339 | 155 |
| 27 | ना | ना | 116 | 329 | 217 | 171 | 331 | ना | 148 | 105 | 112 | 134 | 171 | 129 | 160 | 349 | 270 | 288 | 287 | 231 | 213 |
| 28 | 190 | ना | ना | 338 | 244 | 142 | 344 | ना | ना | 131 | 126 | 93 | 188 | 154 | 199 | 350 | 330 | 196 | 294 | 251 | 174 |
| 29 | ना | ना | 80 | ना | 178 | 109 | 329 | 225 | 136 | 109 | 134 | 123 | 149 | 132 | 101 | 284 | 350 | 170 | 250 | 267 | 195 |
| 30 | 239 | 266 | 80 | ना | 151 | 108 | 329 | 225 | ना | 87 | 122 | 117 | 163 | 102 | 97 | 274 | 316 | 230 | 245 | 240 | 226 |
| 31 | | 246 | | | 151 | 174 | | 225 | | | 99 | 117 | | 97 | 78 | | 350 | 349 | | 233 | 271 |

| राज्य | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **शहर** | **बुलंदशहर** | | | **गाजियाबाद** | | | **ग्रेटर नोएडा** | | | **हापुड़** | | | **खुर्जा** | | | **मेरठ** | | | **मुजफ्फरनगर** | | | **नोएडा** | | |
| **तारीख** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** | **जनवरी-26** |
| 1 | 214 | 269 | 288 | 298 | 322 | 356 | 265 | 296 | 352 | 295 | 324 | 269 | 135 | 186 | 265 | 326 | 268 | 319 | 319 | 268 | 220 | 292 | 321 | 367 |
| 2 | 348 | 294 | 201 | 351 | 361 | 239 | 340 | 378 | 238 | 346 | 379 | 185 | 302 | 244 | 216 | 381 | 322 | 214 | 339 | 312 | 275 | 348 | 395 | 229 |
| 3 | 288 | 224 | 133 | 340 | 324 | 262 | 300 | 324 | 239 | 323 | 363 | 130 | 247 | 253 | 200 | 376 | 263 | 212 | 339 | 272 | 150 | 312 | 365 | 242 |
| 4 | 264 | 205 | 238 | 325 | 302 | 298 | 262 | 285 | 316 | 299 | 336 | 236 | 238 | 230 | 241 | 292 | 243 | 253 | 265 | 258 | 253 | 304 | 308 | 307 |
| 5 | 207 | 298 | 162 | 207 | 321 | 262 | 187 | 316 | 236 | 205 | 372 | 125 | 189 | 245 | 147 | 152 | 302 | 188 | 160 | 304 | 159 | 215 | 339 | 260 |
| 6 | 187 | 293 | 247 | 266 | 343 | 322 | 228 | 321 | 320 | 249 | 336 | 220 | 232 | 275 | 160 | 191 | 295 | 257 | 148 | 300 | 245 | 257 | 344 | 314 |
| 7 | 229 | 218 | 214 | 314 | 315 | 276 | 284 | 290 | 298 | 279 | 204 | 179 | 266 | 195 | 158 | 239 | 277 | 288 | 236 | 241 | 232 | 306 | 317 | 288 |
| 8 | 307 | 234 | 185 | 339 | 309 | 296 | 336 | 302 | 290 | 334 | 206 | 171 | 312 | 197 | 165 | 318 | 269 | 216 | 278 | 241 | 204 | 354 | 330 | 294 |
| 9 | 310 | 179 | 257 | 345 | 286 | 347 | 340 | 252 | 364 | 331 | 133 | 222 | 327 | 184 | 141 | 353 | 190 | 261 | 305 | 275 | 206 | 366 | 285 | 365 |
| 10 | 308 | 180 | 270 | 312 | 262 | 351 | 334 | 224 | 338 | 324 | 145 | 248 | 308 | 168 | 203 | 287 | 222 | 269 | 270 | 212 | 245 | 320 | 256 | 348 |
| 11 | 358 | 224 | 161 | 390 | 343 | 283 | 406 | 301 | 278 | 332 | 246 | 132 | 381 | 234 | 172 | 271 | 342 | 219 | 240 | 338 | 203 | 425 | 322 | 260 |
| 12 | 340 | 282 | 199 | 362 | 363 | 287 | 387 | 373 | 258 | 351 | 285 | 161 | 378 | 290 | 149 | 315 | 384 | 248 | 205 | 400 | 232 | 408 | 386 | 274 |
| 13 | 321 | 325 | 274 | 370 | 430 | 358 | 377 | 442 | 384 | 360 | 355 | 228 | ना | 299 | 238 | 317 | 355 | 278 | 301 | 302 | 214 | 389 | 455 | 367 |
| 14 | 404 | 263 | 276 | 370 | 459 | 342 | 368 | 435 | 357 | 335 | ना | 214 | 322 | 281 | 216 | 336 | 372 | 270 | 356 | 352 | 246 | 364 | 466 | 338 |
| 15 | 334 | 284 | 250 | 392 | 444 | 321 | 418 | 447 | 342 | 380 | ना | 223 | 311 | 240 | 207 | 369 | 360 | 320 | 277 | 288 | 250 | 397 | 437 | 344 |
| 16 | 320 | 297 | 280 | 419 | 332 | 376 | 419 | 326 | 358 | 376 | 241 | ना | 284 | 258 | 260 | 326 | 281 | 293 | 310 | 293 | 256 | 385 | 352 | 363 |
| 17 | 312 | 273 | 197 | 401 | 308 | 394 | 390 | 310 | 332 | 383 | 284 | ना | 318 | 243 | 123 | 364 | 292 | 209 | 292 | 284 | 284 | 358 | 331 | 388 |
| 18 | 334 | 205 | 287 | 434 | 339 | 458 | 454 | 344 | 402 | 398 | 202 | 299 | 343 | 206 | 160 | 376 | 245 | 352 | 309 | 221 | 322 | 390 | 397 | 430 |
| 19 | 336 | 218 | 280 | 422 | 358 | 425 | 420 | 376 | 375 | 378 | 208 | 281 | 311 | 188 | 167 | 339 | 260 | 319 | 311 | 231 | 249 | 409 | 410 | 412 |
| 20 | 302 | 203 | 280 | 430 | 361 | 393 | 380 | 344 | 372 | 388 | 221 | 236 | 248 | 183 | ना | 345 | 262 | 257 | 336 | 267 | 266 | 408 | 401 | 382 |
| 21 | 292 | 258 | 233 | 422 | 364 | 347 | 353 | 329 | 320 | 406 | 235 | 231 | 232 | 226 | 181 | 411 | 280 | 228 | 364 | 298 | 186 | 394 | 327 | 329 |

| राज्य | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | | उत्तर प्रदेश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **शहर** | **बुलंदशहर** | | | **गाजियाबाद** | | | **ग्रेटर नोएडा** | | | **हापुड़** | | | **खुर्जा** | | | **मेरठ** | | | **मुजफ्फरनगर** | | | **नोएडा** | | |
| 22 | 338 | 290 | 197 | 434 | 360 | 359 | 364 | 332 | 314 | 380 | 234 | 201 | ना | 261 | 172 | 374 | 302 | 230 | 345 | 313 | 220 | 394 | 366 | 335 |
| 23 | 353 | 257 | 179 | 437 | 392 | 278 | 399 | 388 | 249 | 420 | 282 | 208 | 316 | 234 | 116 | 364 | 322 | 235 | 382 | 206 | 253 | 418 | 426 | 270 |
| 24 | 356 | 169 | 107 | 396 | 244 | 203 | 382 | 259 | 170 | 416 | 192 | 109 | 293 | 169 | 100 | 350 | 227 | 88 | 318 | 227 | ना | 397 | 273 | 184 |
| 25 | 306 | 194 | 120 | 349 | 280 | 173 | 364 | 268 | 155 | 389 | 220 | 67 | 306 | 188 | 106 | 322 | 237 | 120 | 314 | 274 | 142 | 373 | 256 | 120 |
| 26 | 279 | 276 | 183 | 329 | 382 | 302 | 322 | 394 | 226 | 366 | 328 | 145 | 309 | 251 | 124 | 306 | 330 | 148 | 322 | 203 | 197 | 350 | 376 | 219 |
| 27 | 269 | 296 | 200 | 358 | 404 | 376 | 381 | 395 | 304 | 344 | 265 | 225 | 244 | 321 | 129 | 308 | 330 | 260 | 266 | 235 | 269 | 391 | 409 | 331 |
| 28 | 261 | 295 | 57 | 347 | 414 | 234 | 378 | 434 | 189 | 265 | 264 | 69 | 267 | 279 | 50 | 224 | 295 | 53 | 244 | 235 | 86 | 388 | 419 | 217 |
| 29 | 263 | 172 | 142 | 299 | 393 | 272 | 288 | 356 | 250 | 310 | 227 | 97 | 229 | 181 | 99 | 214 | 316 | 136 | 237 | 216 | 152 | 310 | 410 | 247 |
| 30 | 254 | 254 | 135 | 256 | 404 | 303 | 268 | 366 | 248 | 285 | 287 | 121 | 169 | 231 | 111 | 197 | 344 | 138 | 178 | 286 | 195 | 279 | 400 | 257 |
| 31 | | 232 | 189 | | 312 | 313 | | 366 | 328 | | 257 | 125 | | 207 | 110 | | 315 | 164 | | 251 | 167 | | 382 | 324 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट: ना का मतलब है किसी खास दिन का वायु गुणवत्ता माप (एक्यूआई) का माप उपलब्ध नहीं है।

**अनुलग्नक-II**

**भारत के प्रमुख महानगरों में वायु गुणवत्ता - कैलेंडर वर्ष 2024**

| क्र.स. | यूए /शहर का नाम | राज्य | वार्षिक औसत सांद्रता | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एसओ2 (µg/m3) | एनओ2 (µg/m3) | पीएम10 (µg/m3) | पीएम2.5 (µg/m3) |
| 1. | बेंगलुरु यूए | कर्नाटक | 7 | 19 | 70 | 33 |
| 2. | चेन्नई यूए | तमिलनाडु | 8 | 15 | 60 | 27 |
| 3. | दिल्ली यूए | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 12 | 45 | 220 | 111 |
| 4. | ग्रेटर मुंबई यूए | महाराष्ट्र | 11 | 26 | 87 | 34 |
| 5. | हैदराबाद यूए | तेलंगाना | 10 | 19 | 78 | 30 |
| 6. | कोलकाता यूए | पश्चिम बंगाल | 7 | 31 | 96 | 48 |

**अनुलग्नक-III**

**वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं:**

- 80 से अधिक उद्योगों के लिए उत्सर्जन मानक अधिसूचित किए गए हैं।
- 1 अप्रैल 2020 से भारत स्टेज-VI (बीएस-VI) उत्सर्जन मानकों को सीधे लागू किया गया।
- वाहन स्क्रैपिंग नीति, पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं और स्वचालित परीक्षण स्टेशनों के लिए नियम-एमओआरटीएच।
- ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, खतरनाक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, बैटरी अपशिष्ट, बायोमेडिकल अपशिष्ट, टीपीपी से फ्लाई ऐश के लिए अपशिष्ट प्रबंधन नियम
- प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-अपशिष्ट, बैटरी अपशिष्ट, इस्तेमाल किए गए टायर, इस्तेमाल किए गए तेल, उपयोग अवधि समाप्त होने वाले वाहन, निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट और गैर-लौह धातु के स्क्रैप जैसी अपशिष्ट श्रेणियों के लिए बाजार-आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) विनियम शुरू किए गए।
- उच्च कूड़ा क्षमता वाली और कम उपयोगिता वाले 12 एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक (एसयूपी) को 1 जुलाई, 2022 से प्रतिबंधित कर दिया गया था।
- एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले (पेलेट/ब्रिकेट) के साथ-साथ फसल अवशेष के न्यूनतम 5% के उपयोग के लिए अधिदेश।
- आईएमडी और आईआईटीएम द्वारा प्रदान किए गए परिवर्तनशील वायु गुणवत्ता मॉडल और मौसम पूर्वानुमान के आधार पर, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक के स्तर में गिरावट की आशंका में, मौसम संबंधी स्थितियों और मानवजनित गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण I, II, III और IV के तहत कार्रवाई दिन-प्रतिदिन के आधार पर पहले से लागू की जाती है।
- केंद्रीकृत वायु गुणवत्ता पोर्टल एवं मोबाइल एप्लिकेशन-'समीर' आम जनता के लिए लगभग वास्तविक समय वायु गुणवत्ता डेटा तथा प्रति घंटे एक्यूआई की निगरानी एवं प्रसार हेतु संचालित है जबकि सीपीसीबी देशभर के शहरों, जिसमें दिल्ली-एनसीआर भी शामिल है, के लिए प्रतिदिन अपराह्न 04:00 बजे दैनिक एक्यूआई बुलेटिन जारी करता है। समीर ऐप प्रदूषण से संबंधित शिकायतों के निवारण तंत्र के रूप में भी कार्य करता है।
- **प्राण - मानक** पूरा न करने वाले शहरों में वायु प्रदूषण विनियमन हेतु पोर्टल को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के अंतर्गत लक्षित 130 मानक पूरा न करने वाले शहरों में वायु प्रदूषण उपशमन गतिविधियों के कार्यान्वयन के प्रबंधन, निगरानी एवं प्रगति की समीक्षा हेतु संचालित किया गया है।